www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-184 | सागवाड़ा, शुक्रवार, 11 मार्च, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# कुंए में मिला लापता महिला का शव

## पिता बोले – दामाद की मारपीट से तंग आकर कुएं में कूदी बेटी

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के कुआ थाना क्षेत्र के गुन्दलारा गांव के कुएं में तीन दिन से लापता महिला का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। मृतका के पिता ने दामाद पर मारपीट से तंग आकर बेटी के कुए में कूदकर आत्महत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुंआ थाने के थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान ने बताया की गुन्दलारा निवासी काऊडा गोदा ने 10 मार्च को थाने पर आकर अपनी पत्नी लक्ष्मी गोदा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिसमे बताया था की उसकी पत्नी लक्ष्मी 8 मार्च से घर से कही चली गई है। जिसका कोई पता नहीं चल रहा है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज उसकी तलाश शुरू की।

वही आज थाने पर सुचना मिली की लक्ष्मी का शव उसके घर के पास एक कुए में पड़ा मिला है। सुचना पर कुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव कुए से बाहर निकलवाया। वही शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। इधर पुलिस ने मामले की सुचना मृतका के पीहर पक्ष को दी। सुचना पर मृतका के पिता नाथू पारगी व पीहर पक्ष के लोग जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। इस दौरान मृतका के पिता नाथू पारगी ने बताया की दामाद काउडा आए दिन उसकी बेटी लक्ष्मी के साथ मारपीट करता था।

मृतका के पिता ने अपने दामाद के दूसरी महिला से संबंध होने के भी आरोप लगाए। वही मृतका के पिता नाथू पारगी ने आरोप लगाया की 8 मार्च को भी काउड़ा ने उसकी बेटी से मारपीट की थी जिस वजह से उसने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली है।

इधर पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया। वही पुलिस ने मृतका के पिता नाथू पारगी की ओर से जताए गए संदेह के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कुएं में मिला डेढ़ महीने पुराना कंकाल, आधार कार्ड से हुई मृतक की पहचान

## अहमदाबाद में किसी होटल में वेटर का काम करता था मृतक

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिले के मेवाड़ा गांव में एक कुएं में मिले डेढ़ महीने पुराने कंकाल की पहचान हो गई है। आधार कार्ड और वोटर आईडी से शव की पहचान हुई। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। रामसागड़ा थानाधिकारी बाबूलाल डामोर ने बताया कि मेवाड़ा में एक कुएं में शव मिला था। शव पुराना होने से कंकाल रह गया था। कंकाल को कुएं से बाहर निकाला और उस पर बचे कपड़ों की तलाशी ली तो एक आधार कार्ड और वोटर आई कार्ड मिला। जिसके आधार पर उसकी पहचान जोरावर सिंह के रूप में की गई। इसके बाद पुलिस ने उसके पिता शंभू सिंह को घटना के बारे में बताया।थानाधिकारी बाबूलाल ने बताया कि मेवाड़ा सरपंच लक्ष्मणलाल अहारी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि गेसू का वागा निवासी जोरावर सिंह (25) पुत्र शंभू सिंह सोलंकी अहमदाबाद में किसी होटल में वेटर का काम करता था। पिछले साल नवरात्रि पर वह घर आया था। इसके बाद वापस अहमदाबाद लौट गया। जनवरी महीने में उसने आखिरी बार अपने पिता से फोन पर बात की थी। मृतक के पिता ने बताया कि जोरावर की शादी नहीं हुई थी। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# किलो पॉलीथिन जब्त, 700 रुपये जुर्माना

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा शहर में पॉलीथिन और डिस्पोजल के बढ़ते उपयोग पर रोक लगाने को लेकर अब सख्ती बरती जाएगी। शहर रोजाना निकलने वाले कचरे में सबसे अधिक कचरा पॉलीथिन का ही रहता है। इसमें कई तरह का प्लास्टिक रहता है।

इससे बचने के लिए नगर पालिका द्वारा नगर में पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगाए जाने को लेकर अभियान तेज कर दिया है। पालिका के ईओ मुकेश कुमार मोहिल ने बताया कि नगर क्षेत्र में पालिथीन के उपयोग को लेकर सख्ती बरती जाएगी। इसके लिए पालिका कर्मचारियों को निर्देश दिये गए है। शुक्रवार को अतिक्रमण शाखा के पंकज शर्मा, जगदीश सेवक, लोकेश कटारा, संजय हरीजन ने नर्सरी मोड और गलियाकोट मोड पर दुकानों से 45 किलो पालिथीन जब्त कर 700 रुपये का चालान बनाया।

पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि शहर की स्वच्छता को लेकर पालिका के साथ साथ शहरवासियों से भी सहयोग की अपेक्षा है। शहर के व्यापारियों को भी इसमें सहयोग करना होगा तभी जाकर स्वच्छ सागवाड़ा स्वस्थ सागवाड़ा बन पाएगा। पालिथीन की रोकथाम को लेकर आगामी दिनों में अभियान तेज किया जाएगा। पॉलिथीन में सामान देने वाले दुकानदारों पर रोक लगाए जाने के लिए नपा ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# सूत्री मांगों को लेकर एकाउंटेंटस ने किया कार्य बहिष्कार

## कलेक्ट्रेट पर धरना देकर सीएम के नाम सौपा ज्ञापन

**डूंगरपुर।** जिले में वेतन विसंगति को दूर करने समेत 5 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे एकाउंटेंटस ने आज शुक्रवार को कार्य बहिष्कार कर दिया। इधर कार्य बहिष्कार के बाद एकाउंटेंटस एसोसियेशन ने कलेक्ट्रेट के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। वही अपनी मांगो को लेकर कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में सभी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई है ।इधर एकाउंटेंटस के बहिष्कार से सरकारी ऑफिसों में काम प्रभावित हुआ। कार्य बहिष्कार के चलते जिलेभर के एकाउंटेंट ऑफिस नहीं गए, जिससे कुर्सियां खाली रही।

होली से पहले एकाउंटेंट के बहिष्कार से वेतन, पेंशन समेत कई तरह के काम प्रभावित हो रहे है। इधर अपनी मांगो को लेकर एकाउंटेंटस ने कलेक्ट्रेट के बाहर धरना देते हुए नारेबाजी के साथ जमकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर एकाउंटेंट प्रतीक जैन, खुशपाल परमार, रोशन जोशी, ईश्वर जोहियाला ने बताया की वेतन विसंगति को दूर करने लंबे समय से मांग की जा रही है, लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही हैं। कई बार ज्ञापनो के जरिये उन्होंने अपनी मांगो को सरकार तक पहुँचाया भी है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई उनकी मांगो पर नहीं हुई है। उन्होंने बताया की कनिष्ठ लेखाकार के ग्रेड पे 3600 लेवल 10 से बढ़ाकर ग्रेड पे 4200 लेवल 11 करने की मांग की है। इसके अलावा पदोन्नति में अनुभव की शर्त को बदलने के साथ उसमे रियायत देने, अधीनस्थ लेखा संवर्ग से राज्य सेवा में पदोन्नति के अवसर बढ़ाने, सहायक लेखा अधिकारी ग्रेड सेकंड के पद को गजेटेड घोषित करने, अधीनस्थ लेखा संवर्ग के पदों के पदनाम परिवर्तन करने की मांग रखी है। एकाउंटेंट ने इन मांगों के पूरा नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



# कलेक्टर ने ऊपरगांव स्कूल के एमडीएम प्रभारी को किया निलंबित

## कलेक्टर शुभम चौधरी ने किया आसपुर क्षेत्र का दौरा

## तीन स्कूलों का निरीक्षण कर मिड-डे-मील की देखी गुणवत्ता

**आसपुर।** डूंगरपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी आज आसपुर क्षेत्र की तीन स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने जहा मिड-डे-मील चखते हुए उसकी गुणवत्ता की जांच की तो वही स्कूली विद्यार्थियों से संवाद कर उनके शैक्षिक स्तर को भी जाना। इधर ऊपरगांव स्कूल में मिड-डे – मील कार्य में अनिमियतता बरतने पर एमडीएम प्रभारी को कलेक्टर ने निलंबित किया है। वही स्कूल के प्रिंसिपल को नोटिस जारी किया है।



डूंगरपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी आज शुक्रवार को डूंगरपुर जिले के आसपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रही।अपने दौरे के दौरान कलेक्टर शुभम चौधरी ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय ऊपर गांव का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर द्वारा स्कूल के एमडीएम प्रभारी रणछोड़ लाल से मिड-डे-मील के स्टोक रजिस्टर मांगने पर वह रजिस्टर उपलब्ध नहीं करवा पाया। वही पूछने पर सामने आया की एमडीएम प्रभारी द्वारा कोई स्टोक रजिस्टर मेंटेन नहीं किया जा रहा था। जिस पर कलेक्टर शुभम चौधरी ने एमडीएम प्रभारी रणछोड़ लाल को निलंबित कर दिया है वही स्कूल के प्रिंसिपल प्रभु लाल रोत को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इधर अपने दौरे के दौरान कलेक्टर चौधरी ने खेडा कछवासा स्कूल का भी निरीक्षण करते हुए मिड-डे-मिल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अपने दौरे के दौरान कलेक्टर चौधरी ने आसेला, ऊपरगाँव और खेडाकच्छवासा स्कूल का निरीक्षण करते हुए मिड-डे-मील, बच्चो के शैक्षिक स्तर को जांचा तो वही स्कूली बच्चो से संवाद करते हुए मिशन बुलंदी के तहत खुलकर अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित किया। अपने दौरे के तहत कलेक्टर शुभम चौधरी सबसे पहले आसेला स्कूल पहुंची जहा पर उन्होंने स्कूल का निरीक्षण करते हुए हाजिरी रजिस्टर को चेक किया। वही कलेक्टर ने मिड डे मील के सम्बन्ध में बच्चों से जानकारी ली तथा उन्होंने मिड-डे-मील के तहत बने भोजन को चखते हुए उसकी गुणवत्ता भी जाँची। इधर इस दौरान कलेक्टर ने बच्चो से संवाद करते हुए उनके शैक्षिक स्तर को भी परखा वही उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से चलाये जा रहे मिशन बुलंदी के तहत बच्चो को अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित भी किया।

# हीमोफीलिया, थैलीसीमिया पर कार्यशाला का हुआ आयोजन, 15 लोगों ने किया स्वेच्छिक रक्तदान




डूंगरपुर । जिले में मेडिकल कॉलेज की ओर से शहर के हाउसिंग बोर्ड स्थित अटल बिहारी सामुदायिक भवन में हीमोफीलिया, थैलीसीमिया पर कार्यशाला तथा रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। कार्यशाला में हीमोफीलिया, थैलीसीमिया पर जागरूक किया गया वही इस दौरान 15 लोगों ने स्वेच्छिक रक्तदान किया जिनका अतिथियों ने सम्मान भी किया। कार्यशाला में पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ओर नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ ने बतौर अतिथि शिरकत की। डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ महेंद्र डामोर स्वातग किया।ब्लड बैंक की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 15 लोगो ने स्वैछिक रक्तदान किया। इधर मेडिकल कॉलेज और ब्लड बैंक की ओर से रक्तदाताओ के साथ रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली धार्मिक, सामाजिक व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया।

इस दौरान डूंगरपुर जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ कांतिलाल मेघवाल और ब्लड बैंक डूंगरपुर की प्रभारी डॉ वंदना सिंघल भी मौजूद रही।

# 8वीं कक्षा में पढ़ने नाबालिग साली को बुलाकर जीजा ने किया दुष्कर्म

## कोतवाली थाने में आरोपी जीजा के खिलाफ मामला दर्ज

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग साली से जीजा द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीडिता के पिता की रिपोर्ट पर कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी जीजा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले केकोतवाली थानाधिकारी दिलीपदान चारण ने बताया की नाबालिग के पिता ने एक रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में उदयपुर जिले के पहाडा थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी पीडिता के पिता ने बताया की उसकी नाबालिग 15 वर्षीय बेटी आठवीं कक्षा में पढ़ती है । पीडिता के पिता ने बताया की फिलहाल वे डूंगरपुर शहर के शिवाजी नगर में एक किराए के घर में रहते है। 2015 में जेतपुर गुजरात हाल न्यू कोलोनी डूंगरपुर निवासी जेसिनियस गमेती से उसकी बड़ी बेटी की लव मैरिज हुई थी। इस वजह से उनके परिवार का उनके घर पर आना जाना था। 19 जनवरी 2022 को जीजा जेसिनियस गमेती ने नाबालिग साली को फोन करके डूंगरपुर शहर के तहसील चौराहे पर बुलाया था। इसके बाद जेसिनियस गमेती नाबालिग को नवाडेरा में एक किराए के कमरे पर ले गया। वहा नाबालिग साली को डरा धमका कर उसने दुष्कर्म किया। कोतवाली थानाधिकारी दिलीपदान चारण ने बताया की इसके बाद आरोपी फोटो वायरल करने की धमकियां देकर नाबालिग को अपने पास बुलाता और उसके साथ दुष्कर्म करता रहता था । इसके बाद जीजा की हैवानियत से परेशान होकर नाबालिग ने हिम्मत जुटाई और एक दिन अपने पिता को जीजा की इस हरकत के बारे में बताया। इस पर पिता और नाबालिग बेटी आज कोतवाली थाने पहुंचे और जीजा के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दी। इधर कोतवाली थाना पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# उप कारागृह सागवाड़ा में एसडीएम ने किया लाइब्रेरी का उद्घाटन

**सागवाड़ा।** उप कारागृह में लाइब्रेरी का उद्घाटन एसडीएम राजीव द्विवेदी ने किया। जेलर बाबूलाल दामा ने बताया कि पिछले दिनों कलेक्टर शुभम चौधरी द्वारा जेल के निरीक्षण के दौरान उप कारागृह सागवाड़ा में लाइब्रेरी के लिए कहा था।

जिला कलेक्टर चौधरी में उच्च अधिकारियों से वार्ता कर अधीक्षक केंद्रीय कारागृह उदयपुर से विभिन्न प्रकार की 100 पुस्तकें प्राप्त हुई। जिस पर एसडीएम राजीव द्विवेदी द्वारा शुक्रवार को बंदियों के लिए जेल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।

उन्होंने बंदियों को जेल लाइब्रेरी में पुस्तकों से पढ़ाई कर एक अच्छे नागरिक बनने और समाज में अपना दायित्व पूर्ण करने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य प्रभारी देवीलाल, करणसिंह, मुकेश डामोर, प्रहरी रामसिंह, राजेंद्र आदि मौजूद थे।

# राजकीय महाविद्यालय सागवाड़ा में पुस्तकालय में की बार कोडिंग, कॉलेज में किताबें ढूंढना होगा आसान

**सागवाड़ा।** राजकीय महाविद्यालय सागवाड़ा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को महाविद्यालय के पुस्तकालय से बार कोडिंग के जरिए पांच मिनट में किताबें मिल सकेंगी । महाविद्यालय में पुस्तकालय ऑटामेशन का कार्य जयपुर की सॉफ्टवेयर कम्पनी सुमन इन्फो की टीम के द्वारा किया जा रहा हैं । कम्पनी के सीईओ राजेश मीणा ने बताया कि पुस्तकालय में स्पईवजि लाईब्रेरी मैनेजमेंट सॉफ्वेयर इंस्टॉल किया गया हैं । प्रत्येक किताब पर बार कोड स्टीकर लगाया गया हैं , जिससे किताबों को इश्यु करने के लिए बारकोड को स्कैन करते ही किताब का नाम , लेखक , प्रकाशन , लोकेशन एवं अन्य पूरी जानकारी हिन्दी / अंग्रेजी में आएगी । यह सॉफ्टवेयर हिन्दी , अंग्रेजी व यूनिकोड तीन भाषाओं में कार्य करता हैं । लाईब्रेरी ऑटोमेशन का कार्य प्राचार्य डॉ . संजय जैन के निर्देशन में सम्पन्न हो रहा हैं । अब लाईब्रेरी में कुछ समय में ही पता लगा सकेगें की कौनसी किताब किस विद्यार्थी को जारी की गई हैं । पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकें भी आसानी से ढूंढी जा सकती हैं ।

# गांव की बस्ती में पैंथर घुसा, डेढ़ घंटे बाद खुद ही लौट गया जंगल में

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिले के लोलकपुर गांव की एक बस्ती में शाम के समय पैंथर घुस गया। पैंथर के बस्ती में घुसने से लोग डर गए। सूचना के बाद वन विभाग की टीम गांव में पहुंची। करीब डेढ़ घंटे बाद पैंथर गांव से जंगल की तरफ चला गया। फॉरेस्टर गिरीश कुमार लबाना ने बताया कि शुक्रवार शाम को लोलकपुर गांव में खेतों के बीच एक पैंथर जाकर बैठ गया। लोगों ने खेतों में पैंथर को देखते ही शोर मचाना शुरु कर दिया। इससे पैंथर खेतों से निकलकर यादव बस्ती में जा घुसा और एक गली में जाकर बैठ गया। ऐसे में बस्ती के ज्यादातर लोग डर गए।

# बरसाना की लट्ठमार होली

**गोवर्धन।** बरसाना में लगातार दूसरे दिन होली का उत्साह गीतों और जयकारों में झलक रहा था। गुरुवार को लड्डू होली के बाद शुक्रवार को रंगीली गली में लट्ठमार होली खेली गई। बरसाने की लट्ठमार होली का उत्साह ऐसा है कि कई विदेशी पर्यटक पहले ही पहुंच गए। शुक्रवार को नंदगांव के हुरियारे पहुंचे और और बरसाना की गोपियों के साथ लट्ठ मार होली खेली। हुरियारों ने गोपियों को छेड़ने के लिए होली के गीत गाए, उन्हें चिढ़ाया। बदले में गोपियों ने हुरियारों पर लट्ठ बरसाए।

देर तक लोग लट्ठमार होली के रंग में रंगे नजर आए। बरसाना से नंदगांव लट्ठमार होली खेलने के लिए निमंत्रण भेजा जाता है। इसके बाद नंदगांव के हुरियारे बरसाने में होली खेलने जाते हैं।